WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS

टेलीफोन की खराबी ठीक करने के लिए मानदण्ड

1551. **श्री रामजी लाल:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में प्रायः टेलीफोन खराब रहते हैं और उन्हें ठीक करने में महीनों लग जाते हैं;

(ख) टेलीफोन की खराबी ठीक करने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं;

(ग) हरियाणा के हिसार एक्सचेंज, विशेषकर आर्यनगर में खराब पड़े टेलीफोनों का ब्यौरा क्या है और इनमें से कितने टेलीफोन सांसदों के हैं;

(घ) इन टेलीफोनों को ठीक न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार टेलीफोन विभाग की उपेक्षा के कारण उपभोक्ताओं को हुई क्षति की भरपाई के लिए ऐसे मामलों में मुआवजे की व्यवस्था करेगी; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) जी नहीं, खराब टेलीफोनों को तुरन्त ठीक किया जाता है। केवल ब्रेकडाउन और लम्बी दूरी की ओवरहैड लाइनों के मामले में दोष सुधार में कुछ अधिक समय लग जाता है।

(ख) टेलीफोन दोषों को 48 घंटे के अन्दर ठीक कर दिया जाता है।

(ग) और (घ) हिसार में आज तक की तारीख में कुल 13,000 टेलीफोनों में से 400 टेलीफोन खराब हैं। हिसार दूरभाष केन्द्र से आर्यानगर में 4 टेलीफोन कार्य कर रहे हैं उनमें से एक टेलीफोन माननीय संसद सदस्य श्री रामजी लाल का है। इस समय ये चारों टेलीफोन ठीक प्रकार से कार्य कर रहे हैं।

ये चार लाइनें लम्बी दूरी के कनेक्शनों की हैं, जो आंशिक रूप से भूमिगत केबल और ओवर हैड लाइन पर कार्य कर रही हैं ओवर हैड सेरेखण एवं भूमिगत केवल में खराबी आने के कारण दोष उत्पन्न होते हैं। फिर भी प्राथमिकता के आधार पर दोष ठीक किए जाते हैं।

(ङ) और (च) यदि कोई टेलीफोन सात दिनों से अधिक खराब रहता है तो, विभागीय मानदंडों के अनुसार टेलीफोन किराये में छूट दी जाती है।

Losses to ITI due to Non-Placement of orders by DoT

1552. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the Indian Telephone Industries Limited has incurred heavy losses during the last three years due to non-placement of orders by DoT;

(b) what are the total losses of ITI and whether the Unit has been referred to BIFR;